संपादकीय

विपक्षी स्वरों को जोड़ना

तो फिर भारत जोड़ो यात्रा किसलिए है? अगर इसके पिछले चार महीने के अनुभवों पर गौर करें, तो यह साफ हुआ है कि इससे आज के हालात के असंतुष्ट लोगों को सामने आने का एक मौका मिला है, जो अपना दम घूंटता महसूस कर रहे थे।

भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने से पहले यह सवाल उठा कि क्या राहुल गांधी का यह प्रयास विपक्षी दलों को एक साथ लाने में कामयाब हो सकेगा। यह सवाल को खास बल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कि एक टिप्पणी से मिला, जिसमें उन्होंने यात्रा में शामिल होने से इनकार करते हुए कांग्रेस और भाजपा को एक जैसी पार्टी बता दिया। हालांकि बाद में यात्रा में शामिल होने के आमंत्रण का जवाब भेजते हुए उन्होंने यात्रा को अपनी शुभकामनाएं दीं। ऐसी शुभकामना मायावती ने भी दी। इसके बावजूद चुनावी समीकरणों की दृष्टि में उलझे मीडियाकर्मियों की चर्चा में यह सवाल बना हुआ है कि क्या इस यात्रा से अगले चुनावों में कांग्रेस या कुल विपक्ष की संभावनाएं बेहतर होंगी। इस सवाल के बारे में यह बात लगभग भरोसे के साथ कही जा सकती है कि ऐसा नहीं होगा। और कम से कम राहुल गांधी को इस बारे में कोई भ्रम नहीं है।

31 दिसंबर की अपनी प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने फिर दो टूक कहा कि टैक्टिकल-पॉलिटिकल प्रयासों से भाजपा-आरएसएस को हराना फिलहाल संभव नहीं रह गया है। तो फिर भारत जोड़ो यात्रा किसलिए है? अगर इसके पिछले चार महीने के अनुभवों पर गौर करें, तो यह साफ होता है कि इससे भारतीय राजनीति में जारी गतिरोध टूटा है। इससे आज के हालात के असंतुष्ट और असहमत उन लोगों को सामने आने का एक मौका मिला है, जो अपना दम घूंटता महसूस कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में यात्रा के प्रवेश के दिन पूर्व रॉ प्रमुख एएस दुलत का इसमें शामिल होना बताता है कि इस तरह के लोग उस एक ऐसे द्वार की तलाश में हैं, जिससे वे अपनी कल्पना के भारत को वापस हासिल करने के लिए अपने बंद दायरे से बाहर आ सकें। राम जन्मभूमि मंदिर के पुजारी महंत सत्येंद्र दास की राहुल गांधी को लिखी गई चि_ी भी ऐसी ही भावना का संकेत देती है। इस रूप में भारत जोड़ो यात्रा ने विपक्षी स्वरों को जोड़ना शुरू किया है। लेकिन यह लंबा रास्ता है। अगर यात्रा उस पर आगे बढ़ने में सक्षम साबित हुई, तो विपक्षी ताकतें भी जुड़ेंगी, यह उम्मीद की जा सकती है।

सूर्य के तूफानी शतक से भारत विजयी

राजकोट। भारत ने 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव (112 नाबाद) के तूफानी शतक के दम पर श्रीलंका को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 91 रन से रौंदकर तीन मैचों की शृंखला 2-1 से जीत ली।

भारत ने निर्णायक मुकाबले में श्रीलंका के सामने 229 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में श्रीलंका 137 रन पर ढेर हो गयी।

सूर्यकुमार ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का तीसरा शतक जड़ते हुए 112 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने 51 गेंदों की विस्फोटक पारी में सात चौके और नौ गगनचुंबी छक्के जड़े। वह 45 गेंदों में सैकड़े तक पहुंचकर रोहित शर्मा (35) के बाद भारत के लिये इस प्रारूप में दूसरा सबसे तेज़ शतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गये।

श्रीलंका के लिये लक्ष्य का पीछा करते हुए कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं छू सका। कप्तान दसुन शनाका और कुसल मेंडिस ने सर्वाधिक 23 रन बनाये। भारत के लिये अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिये। हार्दिक पांड्या, उमरान मलिक और युज़वेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिये, जबकि अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया।

भारत ने इस जीत के साथ श्रीलंका को तीन मैचों की टी20 शृंखला में 2-1 से हरा दिया। दोनों टीमें अब 10 जनवरी से शुरू होने वाली एकदिवसीय शृंखला में आमने-सामने होंगी।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। पहले ओवर में ईशान किशन का विकेट गिरने के बाद राहुल त्रिपाठी और शुभमन गिल ने मोर्चा संभाल लिया और पावरप्ले में 49 रन जोड़े। त्रिपाठी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 35 रन बनाये जबकि उन्हें चमिका करुणारत्ने ने आउट किया।

सूर्यकुमार जब विकेट पर आये तब भारत का स्कोर 5.5 ओवर में 52/2 था। उन्होंने अपने अंदाज में पारी की रफ्तार बदलते हुए गिल के साथ तीसरे विकेट के लिये 53 गेंदों पर 111 रन की शतकीय साझेदारी की। गिल ने 36 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों के साथ 46 रन बनाये, हालांकि उनके हाथ खोलते ही वानिंदू हसरंगा ने उन्हें बोल्ड कर दिया।

इसके बाद श्रीलंका ने कप्तान हार्दिक पांड्या और दीपक हुड्डा को भी चार-चार रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया, लेकिन सूर्य ने विस्फोटक बल्लेबाजी जारी रखते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना तीसरा शतक पूरा किया। वह रोहित शर्मा (चार शतक) के बाद खेल के सबसे प्रारूप में भारत के लिये सर्वाधिक शतक जडऩे वाले बल्लेबाज हैं। अक्षर पटेल ने अंत में सूर्यकुमार का साथ देते हुए नौ गेंदों पर 21 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसकी मदद से भारत ने 20 ओवर में 228 रन बनाये।

श्रीलंका के लिये दिलशान मदुशंका सबसे महंगे साबित हुए और उन्होंने अपने चार ओवर में दो विकेट लेकर 55 रन दिये। चमिका करुणारत्ने ने चार ओवर में 52 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि कसुन रजिता और हसरंगा को भी एक-एक सफलता हासिल हुई।

श्रीलंका ने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की लेकिन लगातार विकेट गिरने के कारण उन्होंने गति खो दी। मेंडिस ने तीसरे ओवर में पांड्या को दो छक्के जड़े, जबकि चौथे ओवर में चौके के साथ शिवम मावी का स्वागत किया। अक्षर ने पांचवें ओवर में मेंडिस को आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई, जबकि अगले दो ओवरों में पथुम निसंका (15) और अविष्का फर्नांडो के आउट होने से श्रीलंकाई पारी लडख़ड़ा गयी।

चरिता असलंका और धनन्जय डी सिल्वा ने चौथे विकेट के लिये 33 रन जोड़े, हालांकि यह श्रीलंकाई पारी की आखिरी महत्वपूर्ण साझेदारी थी। असलंका ने 14 गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाकर 19 रन बनाये जबकि धनन्जय ने 14 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की सहायता से 22 रन बनाये। दोनों बल्लेबाजों का विकेट चहल ने लिया।

इसके अलावा शनाका ने भी 17 गेंदों पर दो छक्कों की सहायता से 23 रन बनाये, हालांकि दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने के कारण मेहमान टीम 16.4 ओवर में 137 रन पर सिमट गयी।

पांड्या ने भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करते हुए चार ओवरों में 30 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि अर्शदीप ने 2.4 ओवर में 20 रन देकर तीन सफलताएं हासिल कीं। उमरान ने अपने तीन ओवरों में 31 रन देकर दो विकेट चटकाये जबकि चहल ने तीन ओवरों में 30 रन देकर दो ही विकेट लिये।

6 बार की चैंपियन के वर्ल्ड चैम्पियनशिप में नहीं दिखेंगे पंच, मैरीकॉम ने वापस लिया नाम

नई दिल्ली। 6 बार वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली दुनिया की पहली महिला मुक्केबाज के पंच का दम इस साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में देखने को नहीं मिलेगा। भारतीय सुपरस्टार मैरीकॉम ने खुद इसकी पुष्टि कर दी है कि वो वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में हिस्सा नहीं लेंगी और उन्होंने अपना नाम भी वापस ले लिया है। मैरीकॉम के हिस्सा न लेने के पीछे वजह उनकी दर्दनाक चोट है। मैरीकॉम ने कहा कि वो जल्द से जल्द फिट होने की कोशिश कर रही हैं। 2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018 में वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली मैरीकॉम ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस चैंपियनशिप में हमें और भी चैंपियंस मिलेंगे। इसके साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सभी मुक्केबाजों को बधाई दी है। बता दें कि मैरीकॉम 6 बार वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले दुनिया की इकलौती महिला मुक्केबाज हैं। शुरुआती 7 वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले वो एकमात्र महिला मुक्केबाज हैं। यही नहीं मैरीकॉम 8 वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली महिला और पुरुष दोनों में ही इकलौती मुक्केबाज हैं।

बोम्मई ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का लोगो व मास्कोट किया जारी

बेंगलुरु। इस साल राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन कर्नाटक में किया जाएगा। राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन कर्नाटक में 12 से 16 जनवरी के बीच आयोजित होगा।

कर्नाटक के हुबली-धारवाड़ में 12 से 16 जनवरी के बीच राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्री बोम्मई ने इस युवा महोत्सव का लोगो और मास्कोट जारी किया। इसको एक समारोह में वर्चुअली रिलीज किया गया है। इस समारोह में केंद्रीय कोयला, खनन और संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और कर्नाटक के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री डॉ सी.नारायण गौड़ा मौजूद रहे।

इस साल राष्ट्रीय युवा महोत्सव की थीम 'विकसित युवा, विकसित भारत' है। उम्मीद है कि इस महोत्सव में देश के कोने-कोने से लगभग 7,500 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर हुबली में इस उत्सव का उद्घाटन करेंगे।

बसवाराज बोम्मई ने इस साल राष्ट्रीय युवा महोत्सव और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स सम्मेलन के लिए कर्नाटक को चुनने के लिए भारत सरकार का धन्यवाद दिया। राज्य ने युवा महोत्सव को भव्य स्तर पर आयोजित करने के लिए सभी इंतजाम भी कर लिए हैं।

आयोजन की व्यवस्थाओं पर अब तक कई बैठकें हो चुकी हैं। इस बैठक में युवा विधायकों, सांसदों और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई थी। प्रेस रिलीज के मुताबिक रेलवे बोर्ड ने देश के अलग-अलग हिस्सों से हुबली-धारवाड़ आने वाले युवाओं के लिए विशेष कोच लगाने की बात कही है।

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए युवा महोत्सव के लोगो और मास्कोट के डिजाइन की तारीफ की। दरअसल, राष्ट्रीय युवा महोत्सव का डिजाइन ओडिशा के बंसीलाल केतकी द्वारा बनाया गया था।

एपीएसी में भारत व अन्य की साख होगी स्थिर : मूडीज



चेन्नई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा कि 2023 के लिए भारत सहित एशिया-प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र में सॉवरेन के लिए क्रेडिट योग्यता ²ष्टिकोण स्थिर है। अपनी नवीनतम रिपोर्ट में मूडीज ने कहा, ऋण स्थिरता और वित्तीय स्थिरता इस क्षेत्र में अपेक्षाकृत अच्छी तरह से जुड़ी हुई है, इसमें निहित सरकारी तरलता जोखिम, मोटे तौर पर स्थिर ऋण गतिशीलता और आम तौर पर बाहरी स्थिति अच्छी है। मूडीज के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि उच्च वैश्विक मुद्रास्फीति और सख्त वित्तीय स्थितियों के बावजूद संभावित स्तरों के करीब स्थिर होगी और अन्य क्षेत्रों से बेहतर प्रदर्शन करेगी।

अधिकांश शासकों ने राजकोषीय समेकन शुरू कर दिया है, लेकिन सामाजिक दबाव प्रगति को धीमा कर रहे हैं। जहां तक भारत का संबंध है, जो महामारी के बाद रिकवरी मोड में है, मूडीज को उम्मीद है कि आउटपुट अंतराल जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कर्ज चुकाने की क्षमता भारत, मलेशिया और थाईलैंड में टिकी हुई है, क्योंकि उनके पास एक बड़ा संस्थागत निवेशक आधार और बैंकिंग सिस्टम है।

रिपोर्ट के अनुसार बढ़ी हुई वस्तुओं की कीमतें खाद्य और ईंधन सब्सिडी या अन्य उपायों पर खर्च को उच्च बनाए रखेंगी, विशेष रूप से 2023 या 2024 की शुरुआत में होने वाले चुनावों के लिए समर्थन को कम करने के लिए, जिसमें बांग्लादेश और भारत शामिल हैं।

इस क्षेत्र की अधिकांश सरकारों के लिए राजकोषीय घाटा उनके ऋण-स्थिर राजकोषीय संतुलन के बराबर या उसके निकट रहने की संभावना है। मूडीज ने कहा कि भारत और मलेशिया जैसे देशों में कर्ज का बोझ बढऩा या उच्च स्तर पर स्थिर होना जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ब्याज दरों में वृद्धि के साथ ऋण सामथ्र्य आम तौर पर मजबूत स्तरों से गिर जाएगी और क्षेत्र में अधिकांश के लिए प्रबंधनीय होगी।

भारत को 2047 तक एशियाई फुटबॉल के शीर्ष चार में पहुंचाना है : प्रभाकरण

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने 'विजन 2047' की घोषणा करते हुए कहा कि वह अगले 25 साल में भारत को एशियाई फुटबॉल के शीर्ष चार देशों में पहुंचाना चाहते हैं।

गौरतलब है कि भारत फिलहाल एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) में 19वें स्थान पर है, जबकि फीफा रैंकिंग में वह 106वें स्थान पर है।

भारतीय फुटबॉल की सूरत बदलने के लिये तैयार किये गये नक्शे 'विजन 2047' में राष्ट्रीय टीम, फुटबॉल प्रशासन, बुनियादी ढांचे, महिला फुटबॉल और जमीनी स्तर के फुटबॉल से जुड़ी योजनाएं पेश की गयीं। विजन 2047 को बेहतर तरीके से लागू करने के लिये चार साल की छह रणनीतिक योजनाओं में विभाजित किया गया है। इनमें से पहल अवधि 2026 में पूरी होगी। प्रभाकरण ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय टीम को एएफसी रैंकिंग के शीर्ष चार में पहुंचाने के अलावा महासंघ भारत में फुटबॉल के लिये एक जीवंत माहौल तैयार करना चाहते हैं। राष्ट्रीय टीमों के अनुभव में इजाफा करने के लिये साल में कम से कम दो बार महाशिविर आयोजित किये जायेंगे। महिला और पुरुष अंडर-17 विश्व कप में योग्यता के आधार पर जगह बनाना भारत की प्राथमिकता होगी।

प्रभाकरण ने कहा कि एआईएफएफ इस दिशा में काम करते हुए अपने संगठनात्मक ढांचे में व्यापार और वाणिज्य विभाग जोडऩे जा रहा है। महासंघ के इतिहास में पहली बार शुरू होने वाले इस विभाग का उद्देश्य एआईएफएफ के राजस्व को बढ़ाना और उसे वित्तीय रूप से मजबूत करना होगा। साल 2026 तक व्यापार और वाणिज्य विभाग का लक्ष्य एआईएफएफ के राजस्व को 500 प्रतिशत करना और तीन 'प्रमुख टेलीविजन सामग्री' लॉन्च करना होगा।

प्रभाकरण ने जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि एआईएफएफ का 2026 का लक्ष्य जमीनी कार्यक्रमों के माध्यम से 3.5 करोड़ बच्चों तक पहुंचना और पूरे भारत के 100 गांवों में ग्रामीण जमीनी कार्यक्रमों को लागू करना है। 'फ्लैगशिप ग्रासरूट प्रोजेक्ट' का उद्देश्य 10 लाख खिलाडिय़ों को पंजीकृत करना और 2.5 करोड़ बच्चों को फुटबॉल स्कूलों के माध्यम से फुटबॉल शिक्षा प्रदान करना है।

प्रियंका चोपड़ा ने रखी छेल्लो शो की स्क्रीनिंग

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड में भी अपना नाम बना चुकी हैं। वह एक ग्लोबल आइकॉन हैं। अंतरराष्ट्रीय पटल पर वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व करती हैं। हाल ही में उन्होंने लॉस एंजेलिस में भारतीय फिल्म छेल्लो शो (लास्ट फिल्म शो) की स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इसमें फिल्म और मीडिया जगत के जाने-माने लोगों ने शिरकत किया। अभिनेत्री द्वारा पान नलिन की इस फिल्म की स्क्रीनिंग की सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है।

प्रोड्यूसर डेविड डबिनस्की ने कार्यक्रम से कई तस्वीरें और वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए हैं। इन वीडियो में प्रियंका भारत के बारे में लोगों को बताती नजर आ रही हैं। उनके आलीशान घर की झलकियां भी दिखाई दे रही हैं। डेविड ने कैप्शन में फिल्म के बारे में बताया। उन्होंने लिखा कि यह भारत के एक ग्रामीण लडक़े की कहानी है, जिसे बड़े पर्दे पर फिल्म देखना अच्छा लगता है, लेकिन डिजिटल प्रोजेक्शन सारा खेल बदल देता है।

इस फिल्म के निर्देशक पान नलिन तो निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर हैं। फिल्म में भाविन राबरी, भावेश श्रीमाली, ऋचा मीणा और दीपेन रावल लीड रोल में हैं। छेल्लो शो का प्रीमियर 10 जून, 2021 को 20वें त्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में भी हुआ था। इस फिल्म फेस्टिवल में जाने वाली यह पहली गुजराती फिल्म है।

फिल्में छोड़कर अब कॉमेडी गर्ल बन गई हैं विद्या बालन

बॉलीवुड में आने से पहले विद्या बालन ने छोटे पर्दे पर धमाल मचाया था। टीवी सीरियल हम पांच से विद्या बालन ने अपनी एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। यह एक कॉमेडी सीरियल था। इसमें विद्या बालन की एक्टिंग को लोगों ने खूब पसंद किया था। हम पांच सीरियल के बाद विद्या बालन ने फिल्मों की ओर अपना रुख कर लिया और उन्होंने 2003 में बंगाली फिल्म भालो थेको से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद विद्या ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में 2005 में आई फिल्म परिणीता से शुरूआत करके सबका दिल जीत लिया था। इस फिल्म के लिए विद्या बालन को फिल्मफेयर पुरस्कार से भी नवाजा गया था। इसके बाद 2006 में विद्या बालन फिल्म 'लगे रहो मुन्नाभाई' के बाद से लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ती चली गई।

आज का राशिफल

मेष : आज समय आपके पक्ष में है। इसलिए इसका बेहतर सदुपयोग करें। पिछले कुछ समय से जिन कामों में रुकावट आ रही थी, आज वह बहुत ही सहज व आसान तरीके से हल हो जाएंगे।

वृष : आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। योजना फलीभूत होंगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके घर में परिवर्तन या सुधार संबंधी कुछ योजनाएं बनेंगी। व्यस्तता के बावजूद आप अपनी रूचि संबंधी कार्यों के लिए भी समय निकाल लेंगे।

मिथुन : आज आपका दिन आरामदायक रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। बड़ो का आशीर्वाद फलीभूत होगा। कार्यक्षेत्र में समय जैसा चल रहा है, उसी पर ध्यान केंद्रित रखें। किसी भी प्रकार की भविष्य संबंधी कार्य प्रणाली की योजना रुककर बनाएं।

कर्क : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। संतान को कोई उपलब्धि हासिल होने से मन प्रसन्न रहेगा। तथा घर में भी उत्सव भरा वातावरण बना रहेगा। धन के निवेश संबंधी योजनाओं के लिए समय उत्तम है।

सिंह : आज आपका दिन शुभ फलदायी होगा। मेहनत रंग अवश्य दिखाएगी। कार्यक्षेत्र में की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतरीन हासिल होंगे। इस समय अपना पूरा ध्यान अपने काम पर केंद्रित रखें क्योंकि इससे व्यवसाय की स्थिति मजबूत रहेगी।

कन्या : आज आपका समय शुभ रहेगा। दिनचर्या में सुधार होगा। ग्रह गोचर इस समय आपके पक्ष में बेहतरीन परिस्थितियां बना रहे हैं। अपने अधूरे पड़े हुए कामों को पूरा करने के लिए समय बहुत ही उचित है।

तुला : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। मेहनत के अवसर प्राप्त होंगे। व्यवसाय की स्थिति पहले से बेहतर होगी। साथ ही वित्तीय मामलों में भी सुधार हो सकता है। नौकरी से संबंधित कामों में हालात सामान्य ही रहेंगे।

वृश्चिक : आज आपका समय नवीन विचारधारा उत्पन्न करने वाला होगा। जीवनसाथी की सकारात्मक सोच उचित फैसले में मददगार रहेगी। समय संतोषजनक चल रहा है। परंतु जल्दबाजी की बजाय शांतिपूर्ण तरीके से काम करना ज्यादा प्रभावी रहेगा।

धनु : आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आप व्यस्त रहने से आराम को समय कम दे पाओगे। मेहनत शुभफलदायी रहेगी। पैसों के लेनदेन संबंधी कार्यों को करते समय सावधानी रखने की जरूरत है।

मकर : आज आपका दिन शुभफलदायी रहेगा। सहयोगात्मक भावना से मानसिक शान्ति मिलेगी। साझेदारी संबंधी बिजनेस में पारदर्शिता रखें। इससे आपसी संबंध मजबूत बने रहेंगे।

कुंभ : आज आपका दिन शुभ रहेगा। पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। बड़ो का आशीर्वाद फलदायी रहेगा। रुका या उधार दिया हुआ पैसा हासिल करने के लिए भी आज का दिन उत्तम है। इसके लिए प्रयासरत रहें।

मीन : आज आपका दिन शुभफलदायी रहेगा। घर का माहौल सामान्य रहेगा। मानसिक सन्तुष्टि मिलेगी। कार्यस्थल और आर्थिक मामलों में ध्यान बंट सकता है।

मिनटों में बनाएं टेस्टी डेजर्ट 'शकरकंद का हलवा'

शकरकंद सेहत से भरपूर होता है, तो इसे भूनकर खाने के अलावा इससे आप टेस्टी डेजर्ट भी बना सकती है जो है हलवा। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं इसकी रेसिपी।

सामग्री :

2 कप शकरकंद कद्दूकस की हुई, 3 कप गाढ़ा दूध, 3 टेबलस्पून चीनी, 3 टेबलस्पून पिस्ता, बादाम-काजू कटे हुए, 1 हरी इलायची पिसी हुई, 4 टेबलस्पून शुद्ध घी

विधि :

- भारी तली वाली कड़ाही में एक टेबलस्पून घी पिघलाकर सूखे मेवे भून लें।
- फिर से दो टेबलस्पून घी गरम कर शकरकंद भूनें। इसका रंग जब हल्का सा बदलने लगे तो दूध मिलाएं और धीमी-मध्यम आंच पर चलाते रहें।
- जब शकरकंद सारा दूध सोख लें, तो उसमें घी और चीनी मिलाएं और जल्दी-जल्दी चलाएं।
- शकरकंद जब बीच में इकट्ठी होने लगे तो उसे एकसार कर उतार लें।
- ऊपर से इलायची और भूने सूखे मेवे बुरक दें।

शब्द सामर्थ्य- 307

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 306 का हल

ज	ल		आ	वा	जा	ही		
मा		खू	ब		दू	र	स्थ	
ना	दा	न		सा	ग		ल	क्ष्य
	न	ख		त	र	ल		
	वी	रा	न			च	ट	क
	र	ब		आ	ज	क	ल	
			आ	ग		दा	ना	
	अ	ग	र	म	ग	र		क्रो
भा	भी		ती	न			व	ध

सू-दोकू- 307

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.306 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6